मासिक

ऑटो एडवाइजर

RNI.No.61707/94

मध्यप्रदेश से प्रकाशित, भारत का एकमात्र हिंदीभाषी ऑटोमोबाइल समाचार पत्र

वर्ष-30, अंक-9 | भोपाल, 6 फरवरी 2025 | पृष्ठ-8, मूल्य-2.50 रुपये

'मेड इन इंडिया' जिम्नी 5-डोर का जापान में पदार्पण

नई दिल्ली (प्रेवि). 'मेड इन इंडिया' जिम्नी 5-डोर का 30 जनवरी को जापान में अनावरण हुआ. प्रतिष्ठित मॉडल मारुति जिम्नी को पहली बार भारत में ऑटो एक्सपो 2023 में प्रदर्शित किया गया था और यह वित्त वर्ष 2024-25 (दिसंबर 2024 तक) में मारुति सुजुकी का फ्रोंक्स के बाद दूसरा सबसे अधिक निर्यात किया जाने वाला मॉडल है.

हरियाणा के गुरुग्राम में, जिम्नी 5-डोर को विशेष रूप से मारुति सुजुकी की विनिर्माण सुविधा में निर्मित किया जाता है. वैश्विक ऑफ-रोडर के रूप में इसकी एक मजबूत विरासत है और इसे लगभग 100 देशों में निर्यात किया जाता है. जापान में इस प्रसिद्ध 4 डब्ल्यूडी एसयूवी की शुरूआत मारुति सुजुकी की निर्यात यात्रा में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि यह वित्त वर्ष 2024-25 में सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के घरेलू बाजार में आपूर्ति की जाने वाली फ्रोंक्स के बाद दूसरी एसयूवी बन गई है.

जिम्नी के अनावरण के अवसर पर बोलते हुए, **मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ, श्री हिसाशी ताकेउची** ने 'कहा, जापान में मेड इन इंडिया जिम्नी 5-डोर की शुरूआत हमारी विनिर्माण क्षमता में उत्कृष्टता के वैश्विक स्तर का प्रमाण है. अगस्त 2024 में फ्रोंक्स के बाद यह इस वित्तीय वर्ष (वित्त वर्ष 2024-25) में जापान को निर्यात किया जाने वाला हमारा दूसरा मॉडल है. जिम्नी वित्त वर्ष 2024-25(एसआईएएम द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार) में दूसरी सबसे अधिक निर्यात की जाने वाली मारुति सुजुकी कार है. मैक्सिको, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसे बाजारों में इसकी शानदार सफलता के बाद, हमें विश्वास है कि यह जापान में ग्राहकों को प्रसन्न करेगी. **(शेषांष पेज 6 पर)**

एचपीसीएल ने लाल पांडा और बाघों को अपनाया

वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक कदम

मुंबई (वि.). ऊर्जा नवाचार और कॉर्पोरेट स्थिरता में अग्रणी, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने गत माह भारत के दो प्रमुख वन्यजीव अभयारण्यों में लुप्तप्राय वन्यजीव प्रजातियों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. अंतरराष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (IUCN) की लाल सूची के अनुसार बाघ और लाल पांडा लुप्तप्राय हैं. उल्लेखनीय है कि 2024 में एचपीसीएल की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया गया था जो 'पंचतत्वों का महारत्न' थीम पर आयोजित था. इस कार्यक्रम में पांच महान तत्वों- पृथ्वी, अग्नि, वायु, जल और आकाश का सम्मान किया गया था, जो पिछले 50 वर्षों में एचपीसीएल की नींव और विकास का प्रतीक रहे हैं. इसी के अनुरूप, एचपीसीएल ने हिमालयन जूलॉजिकल पार्क (एचजेडपी) गंगटोक, सिक्किम में तीन लाल पांडा और संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान (एसजीएनपी), मुंबई में दो राजसी बाघों, बाजीराव (टी-5) और श्रीवल्ली (टी-3) को गोद लिया. एचपीसीएल का प्रायोजन सुनिश्चित करता है कि इन जीवों को भोजन, दवा और आवास सहायता सहित, सर्वोत्तम देखभाल मिले.

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो

फोटो और विस्तृत समाचार पृष्ठ : 4, 5 पर देखें

सड़क सुरक्षा माह 2025 के चलते

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने दिल्ली और मुंबई में हैकाथॉन आयोजित किया

शशांक हिन्ना @ ऑटो एडवाइजर डेस्क. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम), सड़क सुरक्षा नवाचार को बढ़ावा देने सड़क सुरक्षा माह (18 जनवरी - 17 फरवरी, 2025) पूर्व नियोजित, 24 घंटे के टोयोटा हैकाथॉन के आयोजनों के माध्यम से, निरंतर और प्रतिबद्धता के साथ मना रहा है. इस तारतम्य में टीकेएम ने क्रमशः 23 जनवरी 2025 को, जीएल बजाज इंस्टीट्यूट, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली में तथा 29 जनवरी 2025 को विद्यालंकार इंस्टिट्यूट बटाला (पूर्व) मुंबई में टोयोटा हैकाथॉन सफलतापूर्ण आयोजित किए.

दिल्ली टोयोटा हैकाथॉन आयोजन में मुख्य अतिथि अशोक कुमार (आईपीएस, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, ग्रेटर नोएडा, यूपी), विशिष्ट अतिथि आरआर मीना (उप सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार) और विक्रम गुलाटी (कंट्री हेड और कार्यकारी उपाध्यक्ष, कॉर्पोरेट मामले और शासन) सम्मिलित हुए.

मुंबई टोयोटा हैकाथॉन में मुख्य अतिथि अतुल मोरेश्वर सावे (माननीय मंत्री, ओबीसी कल्याण, डेयरी विकास और नवीकरणीय ऊर्जा, महाराष्ट्र सरकार) विशिष्ट अतिथि अर्पित सावे (अध्यक्ष, चैंबर ऑफ मराठवाड़ा उद्योग और कृषि) तथा टीकेएम के विक्रम गुलाटी(कंट्री हेड और कार्यकारी उपाध्यक्ष, कॉर्पोरेट मामले और प्रशासन) और सुदीप दलवी(मुख्य संचार अधिकारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष और राज्य मामलों के प्रमुख) सम्मिलित हुए. अतिथियों ने युवा नवोन्मेषकों को महत्वपूर्ण सड़क सुरक्षा चुनौतियों के लिए व्यावहारिक और कार्यान्वयन योग्य समाधान विकसित करने के लिए आकर्षक मंच प्रदान किया. हैकाथॉन ने सड़क सुरक्षा जागरूकता और शिक्षा, स्कूल क्षेत्र सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और सड़क सुरक्षा में IoT एकीकरण जैसे प्रमुख विषयों को संबोधित किया. इसका लक्ष्य डिजिटल और नीति-संचालित समाधानों को प्रोत्साहित करना था जो दुर्घटनाओं को काफी कम कर सकते हैं और जान बचा सकते हैं. टोयोटा हैकाथॉन 2025 के दिल्ली और मुंबई के आयोजनों में कुल

(शेषांष पेज 6 पर)

अगला हैकाथॉन 14 फरवरी को बैंगलोर में

लॉन्च .... माह जनवरी 2025

नोट : क्रम इस प्रकार से है.... लांच की दिनांक, कंपनी का नाम और मॉडल (कीमत एक्सशोरूम दी गई हैं)

मोटर साइकिल

9 जनवरी 2025

अपडेटेड बजाज पल्सर आरएस 200

कीमत : रुपए 1.84 लाख

18 जनवरी 2025

बीएमडब्ल्यू आर 1300 जीएसए

कीमत : रुपए 22.95 लाख

24 जनवरी 2025

कीवे के 300 एसएफ

कीमत : रुपए 1.69 लाख

17 जनवरी 2025

सुजुकी जिक्सर एसएफ 250 फ्लेक्स फ्यूल

कीमत : रुपए 2.17 लाख

18 जनवरी 2025

बीएमडब्ल्यू एस 1000 आरआर

कीमत : रुपए 21.20 लाख

31 जनवरी 2025

अल्ट्रावॉयलेट एफ 77 सुपर स्ट्रीट

कीमत : रुपए 2.99 लाख

17 जनवरी 2025

हीरो एक्स पल्स 210

कीमत : रुपए 1.76 लाख

22 जनवरी 2025

रॉयल एनफील्ड स्क्रैम 440

कीमत : रुपए 2.08 लाख

मोटोबोल्ट की पैडल वाली अर्बन ई मोपेड/साइकिल

नई दिल्ली . भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में पैडल वाली अर्बन ई मोपेड/साइकिल का प्रदर्शन किया गया. मात्र 40 किलोग्राम वजन वाली इस मोपेड को कोलकाता स्थित कंपनी मोटोबोल्ट मोबिलिटी के द्वारा बनाया गया है. इलेक्ट्रिक होने के कारण यह पर्यावरण के अनुकूल है और इसके साथ ही, इसमें लगे पैडल आपको व्यायाम करने का अवसर भी प्रदान करते हैं. हालांकि पैडल का उपयोग करने पर इसकी गति में वृद्धि होती है. एक बार चार्ज करने पर यह 120 किलोमीटर तक का सफर तय कर सकती है और इसे कहीं भी बड़ी आसानी से चार्ज किया जा सकता है. इसके लिए लाइसेंस की कोई आवश्यकता नहीं पड़ती.

लॉन्च .... माह जनवरी 2025

नोट : क्रम इस प्रकार से है.... लांच की दिनांक, कंपनी का नाम और मॉडल (कीमत एक्सशोरूम दी गई हैं)

स्कूटर

14 जनवरी 2024

एम्पीयर मैगनस नियो

कीमत : रुपए 79,999 हजार

17 जनवरी 2024

होंडा एक्टिवा इलेक्ट्रिक

कीमत : रुपए 1.17 लाख

17 जनवरी 2024

अपडेटेड सुजुकी एक्सेस 125

कीमत : रुपए 81,700 हजार

14 जनवरी 2024

हीरो डेस्टिनी 125

कीमत : रुपए 80,450 हजार

17 जनवरी 2024

हीरो जूम 160

कीमत : रुपए 1.49 लाख

31 जनवरी 2024

ओला जेन 3

कीमत : रुपए 79,999 हजार

17 जनवरी 2024

होंडा क्यूसी

कीमत : रुपए 1.90 लाख

17 जनवरी 2024

हीरो जूम 125

कीमत : रुपए 86,900 हजार

ऑटोमोबाइल से संबंधित लेटेस्ट खबरों अन्य जानकारियों के लिए विज़िट करें:

TheAutoAdvisor.in

THE AUTOADVISOR

लॉन्च .... माह जनवरी 2025

कारें

नोट : क्रम इस प्रकार से है.... लांच की दिनांक, कंपनी का नाम और मॉडल (कीमत एक्सशोरूम दी गई हैं)

6 जनवरी 2025

2025 डिफेन्डर वी 8 | कीमत : रुपए 1.39 करोड़

9 जनवरी 2025

मर्सिडिज़ जी क्लास इलेक्ट्रिक | कीमत : रुपए 3 करोड़

9 जनवरी 2025

मर्सिडिज़ इक्यूएस एसयूवी 450 | कीमत : रुपए 1.28 करोड़

10 जनवरी 2025

होंडा एलिवेट ब्लेक एडिशन | कीमत : रुपए 15.51 लाख

10 जनवरी 2025

जीप मेरिडियन लिमिटेड (ओ) एटी 4x4 | कीमत : रुपए 36.79 लाख

16 जनवरी 2025

लोटस एमेया | कीमत : रुपए 2.34 करोड़

16 जनवरी 2025

लोटस एमिरा | कीमत : रुपए 3.22 करोड़

17 जनवरी 2025

बीएमडब्ल्यू आईएक्स 1 एलडब्ल्यूबी | कीमत : रुपए 49 लाख

17 जनवरी 2025

हुंडई क्रेटा इलेक्ट्रिक | कीमत : रुपए 17.99 लाख

17 जनवरी 2025

मर्सिडिज मेबैक ईक्यूएस एसयूवी नाइट सीरीज | कीमत : रुपए 2.63 करोड़

18 जनवरी 2025

मिनी कूपर एस जेसीडब्ल्यू पैक | कीमत : रुपए 55.90 लाख

18 जनवरी 2025

बीएमडब्ल्यू एक्स 3 | कीमत : रुपए 75.80 लाख

18 जनवरी 2025

वैवे इवा को | कीमत : रुपए 3.25 लाख

21 जनवरी 2025

मर्सिडिज मेबैक जीएलएस 600 नाइट सीरीज | कीमत : रुपए 3.71 करोड़

रॉयल एनफील्ड की इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों में भी आयेगा वही क्लासिक साउंड

भोपाल डेस्क. इलेक्ट्रिक वाहनों में चलने पर कोई ध्वनि या साउंड उत्पन्न नहीं होता.यह वाहनों की बिक्री पर प्रभाव डालता है. जो रॉयल एनफील्ड बुलेट की आवाज के दीवाने हैं वे बिना आवाज की बुलेट कैसे पसंद कर सकते हैं ? रॉयल एनफील्ड की पहचान उसकी विशिष्ट एग्जॉस्ट नोट से होती है. कंपनी ने इसका समाधान निकाल लिया है. अपनी इलेक्ट्रिक बाइक में भी बुलेट साउंड बनाए रखने के लिए, कंपनी द्वारा अत्याधुनिक साउंड इंजीनियरिंग से निर्मित फेक एग्जॉस्ट सिस्टम लाया गया है जो राइडिंग के दौरान वास्तविक ध्वनि उत्पन्न कर सकता है. यह सिस्टम मोबाइल ऐप के माध्यम से, साउंड प्रोफाइल को अपनी पसंद और बाइक की गति के अनुसार समायोजित कर सकता है. सुरक्षा पहलू को ध्यान में रखते हुए, आवाज़ की तीव्रता को औसत शहरी शोर से अधिक नहीं रखा गया है, लेकिन यह इतनी है कि रॉयल एनफील्ड की अनूठी पहचान बरकरार रहे.

माह फरवरी 2025 में वाहन खरीदने के लिए शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार, फरवरी 2025 में 3, 7, 9, 10, 17, 19, 20, 21 और 26 फरवरी जैसी तारीखें वाहन खरीदने के लिए शुभ हैं....

दिनांक : 3 फरवरी 2025, सोमवार
तिथि = माघ शुक्ल षष्ठी 2081
नक्षत्र= रेवती

दिनांक :7 फ़रवरी 2025, शुक्रवार
तिथि = माघ शुक्ल दशमी 2081
नक्षत्र = रोहिणी

दिनांक : 8 फ़रवरी 2025, शनिवार
तिथि = माघ शुक्ल एकादशी 2081
नक्षत्र= मृगशिरा

दिनांक : 9 फरवरी, 2025, रविवार
तिथि = माघ शुक्ल द्वादशी 2081
नक्षत्र = आर्द्रा

दिनांक : 10 फरवरी 2025, सोमवार
तिथि = माघ शुक्ल त्रयोदशी 2081
नक्षत्र= पुनर्वसु

दिनांक : 17 फरवरी 2025, सोमवार
तिथि = फाल्गुन कृष्ण पंचमी 2081
नक्षत्र = चित्रा

दिनांक : 18 फरवरी 2025, मंगलवार
तिथि = फाल्गुन कृष्ण षष्ठी 2081
नक्षत्र= चित्रा

दिनांक : 19 फरवरी 2025, बुधवार
तिथि = फाल्गुन कृष्ण षष्ठी 2081
नक्षत्र = स्वाति

दिनांक : 20 फरवरी 2025, गुरुवार
तिथि = फाल्गुन कृष्ण सप्तमी 2081
नक्षत्र = विशाखा

दिनांक : 21 फरवरी 2025, शुक्रवार
तिथि = फाल्गुन कृष्ण अष्टमी 2081 नक्षत्र= अनुराधा

दिनांक :26 फरवरी 2025, बुधवार
तिथि = फाल्गुन कृष्ण त्रयोदशी 2081
नक्षत्र = श्रवण

भविष्य के भारत का दर्शन कराया गया, ऐतिहासिक भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025

Bharat Mobility GLOBAL EXPO 2025

Beyond Boundaries: Co-creating Future Automotive Value Chain

शशांक हिन्ना @ नई दिल्ली.

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय तथा अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रस्तरीय उद्योग संघों के समर्थन सहयोग से नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. भारत के सबसे बड़े और ऐतिहासिक एक्सपो का उद्घाटन भारत मंडपम में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 17 जनवरी 2025 को किया गया और 22 जनवरी 2025 को इसका समापन हुआ. एक्सपो सीमाओं से परे = भविष्य की सहरचनात्मक विशेषता का स्वचालित मूल्यांकन - विषय पर आधारित था. एक्सपो का आयोजन तीन स्थानों ; भारत मंडपम (नई दिल्ली), यशोभूमि (द्वारका) और इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट (ग्रेटर नोएडा) पर हुआ जिसके लिए लगभग 2 लाख वर्ग मीटर के क्षेत्रफल का उपयोग हुआ. इसमें 40 से अधिक कंपनियों तथा 51अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागियों की भागीदारी रही और लगभग 5 लाख से अधिक आगंतुकों ने इसको देखा. एक्सपो में 9 से अधिक समवर्ती शो और 20 से अधिक सम्मेलन आयोजित किए गए.

एक्सपो तीन खंडों में विभाजित था.

पहला खंड ; भारत मंडप नई दिल्ली था जिसमें 6 शो क्रमश: ऑटो एक्सपो मोटर शो, भारत अंतरराष्ट्रीय टायर शो, इंडिया साइकिल शो, भारत बैट्री शो, स्टील मंडप और मोबिलिटी टेक पैवेलियन आदि रखे गए.

दूसरे खंड ; यशोभूमि द्वारका नई दिल्ली में 1 शो क्रमश: ऑटो एक्सपो मोटर शो रखा गया.

तीसरे खंड ; इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट, ग्रेटर नोएडा में 2 शो क्रमश: भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट शो और शहरी गतिशीलता और बुनियादी ढांचा शो, रखा गया. शो के लिए, विशेष रूप से बनाए गए मंडपों में अत्याधुनिक तथा भविष्य की प्रौद्योगिकी ई मोबिलिटी, ऑटोमोटिव विनिर्माण, बैटरी प्रौद्योगिकी, सॉफ्टवेयर नवाचार और डीकार्बोनाइजेशन को व्यापक रूप से प्रदर्शित किया गया. एक्सपो में कंपनियों द्वारा कुछ वाहनों का भारत में पहली बार प्रदर्शन किया तो कुछ कंपनियां पहली बार अपने विभिन्न प्रकार के ऑटो उत्पादों, उपकरणों, प्रणालियों को लेकर भारत में आईं.

एक्सपो में प्रदर्शित कुछ वाहनों ने और कुछ तकनीक प्रणालियों ने आगंतुक दर्शकों को आश्चर्यचकित और विस्मित किया और कुछ वाहन दर्शकों के लिए आकर्षण का विशेष केंद्र और चर्चा का विषय बने रहे. इनमें सुजुकी एयरकॉप्टर कार, सरला एविएशन फ्लाइंग टैक्सी शून्य, एरोप्लेन डिजाइन वाली विनफॉस्ट कार, सोलर कार वायवे ईवा, सबसे महंगी रोल्स-रॉयस फैंटम 8, कॉन्फ्रेंस रूम वाली मर्सिडीज़ ई क्लास 450, कुछ समय पानी में सुरक्षित रह सकने वाली वीवाईडी यू 8, लेक्सस एआई कार, यामाहा एआई बाइक, डिजिटल पैडल वाली मोटोवोल्ट ई बाइक, सीएनजी स्कूटर टीवीएस जुपिटर 125, एथेनॉल चलित सुजुकी जिक्सर एसएफ 250, बिना पैडल और स्पोक वाली हेलेन इलेक्ट्रिक साइकिल, आधुनिक ट्रक और आधुनिक सर्वसुविधायुक्त बस प्रमुख थे. बैटरी लाइव ट्रैकिंग सिस्टम, एडीएएस सिस्टम, सुप्रीम ऑडियो सिस्टम ने भी दर्शकों का ध्यान आकृष्ट किया.

एक्सपो में भविष्य की तकनीक से समृद्ध साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार, बस, ट्रक आदि दो, तीन और चार व अधिक पहिया वाले वाहन प्रदर्शित किए गए. ये वाहन इलेक्ट्रिक ,हाइड्रोजन, फ्लेक्स फ्यूल, सोलर, पेट्रोल, डीज़ल, सीएनजी जैसे स्त्रोतों पर आधारित थे. वाहनों के लिए अनुकूलन, सुरक्षा, सुविधा, दक्षता संबंधित उपकरणों के अलावा पहिया संरेखण प्रणाली, ऑडियो वीडियो व बैटरी चार्जिंग उपकरण, ऑटो पार्ट, सॉफ्टवेयर प्रणाली आदि प्रदर्शित किए गए.

कंपनियों ने फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी, सॉल्यूशन और इनोवेशंस पर ध्यान केंद्रित रखा.

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रायोजित ईईपीसी (भारतीय इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद या इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल ऑफ़ इंडिया) और नौ संगठनों क्रमश: एसीएमए(ऑटोमोटिव कॉम्पोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया),

(शेष पृष्ठ 5 पर)

उद्घाटन 17 जनवरी 2025 भारत मंडपम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन

नई दिल्ली. भारत के सबसे बड़े 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025' का उद्घाटन 17 जनवरी को भारत मंडपम में, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया. इस अवसर पर उन्होंने कई बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त किए . उन्होंने **श्री रतन टाटा और श्री ओसामु सुजुकी** को याद करते हुए कहा कि भारतीय ऑटो सेक्टर को विश्व में शिखर पर पहुंचाने और भारत के मध्यमवर्गीय परिवारों के सपनों को पूरा करने में इन विभूतियों का बड़ा योगदान है. उनकी विरासत भारत के पूरे मोबिलिटी सेक्टर को प्रेरित करती रहेगी.

भारत वर्तमान में दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और तीसरा सबसे बड़ा यात्री वाहन बाजार बनकर उभरा है. भारत में बढ़ती मांग से एक ही वर्ष में 2.5 करोड़ कारों की बिक्री हुई. पिछले एक साल में भारतीय ऑटो उद्योग में लगभग 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड के मंत्र के चलते निर्यात बढ़ रहा है.

पीएलआई योजनाओं ने मेक इन इंडिया अभियान को नई गति दी है, जिससे 2.25 लाख करोड़ रुपए से अधिक की बिक्री और ऑटो उद्योग क्षेत्र में 1.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं. जैसे-जैसे ऑटो क्षेत्र का विस्?तार हो रहा है, एमएसएमई, लॉजिस्टिक्स, पर्यटन और परिवहन क्षेत्रों में भी नए रोजगार सृजित हो रहा हैं. एमएसएमई क्षेत्र द्वारा बड़ी संख्या में ऑटो पार्ट्स का निर्माण किया जा रहा है.

भारत में अच्छी और चौड़ी सड़कों के निर्माण हेतु पिछले साल के बजट में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित की गई थी. पूरे भारत में मल्टी-लेन हाईवे और एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जा रहा है. पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान ने मल्टीमॉडल से, कनेक्टिविटी को गति दी है और लॉजिस्टिक्स लागत को कम किया है. राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति भारत को वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी लॉजिस्टिक्स लागत वाला देश बनाएगी.

नई तकनीक फास्टैग ने भारत में निर्बाध ड्राइविंग के अनुभव को बहुत आसान बना दिया है. नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड भारत में निर्बाध यात्रा के प्रयासों को और मजबूत कर रहा है. भारत भी अब कनेक्टेड वाहनों और स्वचालित ड्राइविंग में तेजी से प्रगति के साथ स्मार्ट मोबिलिटी की ओर बढ़ रहा है.

ऑटो सेक्टर को सरकार द्वारा दी गई सहायता से पिछले एक दशक में एफडीआई, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और वैश्विक भागीदारी बढ़ी है और पिछले चार वर्षों में ही इस क्षेत्र ने 36 बिलियन डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया.

मोबिलिटी सॉल्यूशन के लिए सात सी यानि कॉमन, कनेक्टेड, कन्वेनिएंट, कंजेशन-फ्री, चार्ज्ड, क्लीन और कटिंग-एज के अपने विजन को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इसी दृष्टिकोण के अंतर्गत ग्रीन मोबिलिटी पर ध्यान दिया जा रहा है. राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन और ग्रीन हाइड्रोजन मिशन जैसी पहल इसी विजन को ध्यान में रखकर शुरू की गई हैं.

पिछले एक दशक में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में 640 गुना वृद्धि हुई है. दस साल पहले जहां सालाना केवल 2,600 इलेक्ट्रिक वाहन ही बेचे जाते थे, वहीं 2024 में 16.80 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन बेचे गए हैं. आज एक दिन में बिकने वाले इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या एक दशक पहले पूरे साल में बिकने वाले वाहनों की संख्या से दोगुनी है. प्रधानमंत्री ने अनुमान व्यक्त किया है कि इस दशक के अंत तक भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या आठ गुना बढ़ सकती है, जो इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं को दर्शाता है.

पांच साल पहले शुरू की गई फेम-2 योजना के अंतर्गत 8,000 करोड़ रुपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद के लिए सब्सिडी देने और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए किया गया था. इसके तहत 5,000 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों सहित 16 लाख से अधिक ईवी की खरीद के लिए सहायता दी गई थी. केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई 1,200 से अधिक इलेक्ट्रिक बसें दिल्ली में चल रही हैं.

भविष्य में पीएम ई-ड्राइव योजना के अंतर्गत दोपहिया, तिपहिया, ई-एम्बुलेंस और ई-ट्रकों सहित लगभग 28 लाख ईवी की खरीद में सरकार सहायता देगी. लगभग 14,000 इलेक्ट्रिक बसें भी खरीदी जाएंगी और विभिन्न वाहनों के लिए देश भर में 70,000 से अधिक फास्ट चार्जर लगाए जाएंगे. देशभर के छोटे शहरों में लगभग 38,000 ई-बसों के संचालन के लिए तीसरे कार्यकाल में पीएम ई-बस सेवा शुरू की गई है. भारत में इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण में रुचि रखने वाले वैश्विक निवेशकों के लिए द्वार खोले गए हैं.

ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए सौर ऊर्जा और वैकल्पिक ईंधन को लगातार बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान, हरित भविष्य पर बहुत जोर दिया गया था. भारत में ईवी और सौर ऊर्जा, दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण काम किया जा रहे हैं. पीएम सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना, छतों पर सोलर पैनल लगाए जाने के लिए एक प्रमुख मिशन है जो इस क्षेत्र में बैटरी और भंडारण प्रणालियों की बढ़ती मांग में सहायक है. सरकार ने उन्नत रसायन सेल बैटरी भंडारण को बढ़ावा देने के लिए 18,000 करोड़ रुपए की उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना शुरू की है. इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण निवेश के लिए यह सही समय है. उन्होंने देश के युवाओं से ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में स्टार्टअप शुरू करने का आग्रह किया.

वाहन निर्माताओं से वाहन स्क्रैपिंग नीति का लाभ उठाने का आग्रह करते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि कंपनियां अधिक से अधिक लोगों को अपने पुराने वाहनों को स्क्रैप करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए स्वयं की प्रोत्साहन योजनाएं शुरू कर सकती हैं. यह प्रेरणा महत्वपूर्ण है और यह देश के पर्यावरण के लिए एक महत्वपूर्ण सेवा होगी.

प्रधानमंत्री ने इस बात का विशेष रूप से उल्लेख किया कि ऑटोमोटिव उद्योग, नवाचार और प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित है और आने वाला समय पूर्वी देशों, एशिया और भारत का है. भारत हर उस निवेशक के लिए एक बेहतरीन गंतव्य है जो मोबिलिटी के क्षेत्र में अपना भविष्य देखना चाहता है.

अपना संबोधन समाप्त करते हुए श्री मोदी ने सभी को आश्वस्त किया कि सरकार पूरी तरह से सहयोग कर रही है. सभी मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड के मंत्र के साथ आगे बढ़ें.

इस अवसर पर **श्री नितिन गडकरी(केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री), श्री मनोहर लाल(केन्द्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री), श्री एच.डी. कुमारस्वामी (केन्द्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री), श्री पीयूष गोयल(केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री), श्री जीतन राम मांझी(केन्द्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री), श्री हरदीप सिंह पुरी (केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री)** सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

MAKE IN INDIA

भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025

भागीदार कंपनियां और उनके प्रदर्श

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड /
ई विटारा (कंपनी में निर्मित पहली इलेक्ट्रिक कार)
टाटा मोटर्स /
इलेक्ट्रिक हैरियर
हुंडई /
आयोनिक 9 इलेक्ट्रिक (9 सीटर),
क्रेटा इलेक्ट्रिक,
क्रेटा फ्लेक्स फ्यूल एसयूवी
जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर /
सिलेक्ट ईवी ,
साइबरस्टर ईवी (भारत की पहली सिजर डोर कार),
एम 9 (भारत की पहली थ्री रो लिमोजिन)
मर्सिडीज़ /
ईवी जी क्लास,
सीएलए कॉन्सेप्ट
बीएमडब्ल्यू /
आईएक्स 1 एलडब्ल्यूबी (कंपनी द्वारा निर्मित पहली मेक इन इंडिया इलेक्ट्रिक कार),
मिनी कूपर एस,
एक्स 3 एसयूवी
सुजुकी /
जिक्सर एसएफ 250 फ्लेक्स फ्यूल स्पोर्ट्स बाइक (85 प्रतिशत एथेनॉल से चलने वाली),
ई एक्सेस इलेक्ट्रिक स्कूटर,

एक्सेस 125 फ्लेक्स फ्यूल स्कूटर,
जिक्सर फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिल
हीरो मोटोकॉर्प /
एचएफ डीलक्स फ्लेक्स फ्यूल मोटरसाइकिल
ईकेए मोबिलिटी /
ई ट्रक ईका 7 टी और ईका 55 टी,
एलसीवी में 3.5 टी, 2.5 टी, 1.5 टी, ईका 3 डब्ल्यू कार्गो, ईका 6 एस, ईका 3 एस
बी वाय डी/
ईवी सिलियान 6,
ईवी सिलियान 7 एसयूवी (11 एयर बैग),
पीएचईवी यांगवांग यू 8 (डीएम-आई) (30 मिनट तक पानी में तैरने में सक्षम)
जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया /
ग्लोस्टर फेसलिफ्ट,
मैजेस्टर एसयूवी,
आईएम 5 सेडान,
आईएम एलएस 6 इलेक्ट्रिक एसयूवी,
एचएस पीएचईवी हाइब्रिड,
एमजी 7 (ऊंचाई पर प्रदर्शन के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड है)
विनफास्ट /
वीएफ 3
वीएफ 6 और वीएफ 7
ऑल इलेक्ट्रिक प्रीमियम एसयूवी

(एयरोप्लेन से प्रेरित डिजाइन)
ओलेक्ट्रा ग्रीन टेक /
इलेक्ट्रिक बस
टीवीएस /
जूपिटर 125 सीएनजी (दुनिया की पहली सीएनजी स्कूटर का कॉन्सेप्ट मॉडल)
आई क्यूब .
बजाज /
फ्रीडम 125 सीएनजी बाइक ,
चेतक ईवी रेंज स्कूटर
यामाहा/
टेनेरे 700 बाइक (दो फ्यूल टैंक हैं),
प्रोटोटाइप आर एक्स 100 (40 वर्ष बाद)
होंडा मोटर्स/
एक्टिवा इलेक्ट्रिक स्कूटर
हीरो मोटोकॉर्प /
जूम 160 बाइक
बीएमडब्ल्यू मोटराड /
एस 1000 आर आर बाइक,
आर 1300 जीएस एडवेंचर बाइक
वायवे मोबिलिटी /
ईवा 9 केवीएच सोलर कार,
ईवा 12 केवीएच सोलर कार,
ईवा 18 केवीएच सोलर कार
एसएमएल इसुजु /
आसाई एमएक्स बस,
प्रीमियम हीरोई बस,
एटीएस 125 मल्टी स्ट्रेचर एम्बुलेंस,
सम्राट एक्सटी प्लस टिपर,
हिरोइ ईवी
कमिंस समूह /
एचईएलएम (उच्च दक्षता, कम उत्सर्जन, एकाधिक ईंधन) इंजन प्लेटफार्म लॉन्च. इसमें एल 10 इंजन के साथ, उन्नत हाइड्रोजन ईंधन वितरण प्रणाली (एफडीएस),
टाइप IV ऑन व्हील स्टोरेज वेसल्स और नया बी 6.7 एन प्राकृतिक गैस इंजन शामिल हैं.
न्यूरोमेरोस मोटर्स /
डिप्लोस मैक्स,(भारत का पहला बाइक स्कूटर क्रॉस ओवर अनावरण.)
गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड /
इब्लू फियो जेड स्कूटर,
इब्लू फियो डीएक्स स्कूटर,
इब्लू रोजी इको स्कूटर .
इब्लू केयर एप जारी जो इनोवेटिव स्मार्टफोन से ईवी को प्रतिबंध करने के लिए डिजाइन किया गया है.
जेबीएम इलेक्ट्रिक व्हीकल /
गैलेक्सी (इलेक्ट्रिक लग्जरी कोच), एक्सप्रेस इंटरसिटी बस,
ई मेडीलाइफ (लो फ्लोर इलेक्ट्रिक मेडिकल मोबाइल यूनिट),
ई स्काईलाइफ (9 मीटर इलेक्ट्रिक टरमैक कोच).
टी आई क्लीन मोबिलिटी /
मोंट्रा इलेक्ट्रिक एविएटर ई एससीवी,
मोंट्रा इलेक्ट्रिक सुपर कार्गो इलेक्ट्रिक 3 व्हीलर.
हुंडई मोटर कंपनी /
एडवांस्ड इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर,
माइक्रो फोर व्हीलर (टीवीएस मोटर के साथ संयुक्त)
पिनेकल इंडस्ट्रीज /
एडी जेन एम्बुलेंस,
एडी जेन अल्ट्रा एम्बुलेंस,
नियोनेटल एम्बुलेंस.
मोटोबोल्ट मोबिलिटी /
अर्बन ई मोपेड/साइकिल (पैडल सुविधायुक्त)
सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन / स्काई ड्राइव इंक
एयरक्राफ्ट का प्रोटोटाइप (हवा में उड़ने वाली कार/टैक्सी)
लेक्सस कार्स /
एलएफ जेडसी कॉन्सेप्ट कार
(एआई वॉयस असिस्टेंट से लैस, 1000 किलोमीटर से अधिक रेंज वाली ऑल इलेक्ट्रिक फ्यूचरिस्टिक सेडान).
किया कॉरपोरेशन /
ईवी 6,
ईवी 9 जीटी कार (3.6 किलोवॉट की बिजली की 24 घंटे सप्लाई में सक्षम)
मर्सिडीज़ /
ई क्लास 450 (मीटिंग कॉन्फ्रेंस हेतु अंदर ही सेल्फी कैमरा)
यूमा एनर्जी और जिओन /
बैटरी लाइव ट्रैकिंग सिस्टम

हेलेन बाइक /
हेलेक्स (हब और स्पोक रहित स्मार्ट साइकिल)
इंडिया एक्स सेंटर मार्ट और आई एक्स एनर्जी
कमर्शियल डीजल पेट्रोल पुराने वाहन में इलेक्ट्रिक सिस्टम लगवा कर पंजीकरण अवधि बढ़ाने का सिस्टम.
हुंडई
फ्लेक्स फ्यूल एसयूवी
(100 प्रतिशत पेट्रोल या 100 प्रतिशत एथेनॉल वर्किंग प्रोटोटाइप)
टोयोटा (जापान)
ई 85 फ्लेक्स फ्यूल (एथेनॉल गैसोलीन इलेक्ट्रिक), हाइक्रॉस
आईआईटी (मद्रास) और
आटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया /
बस और ट्रक को 6 गुना कम समय में चार्ज करने हेतु ओवरहेड चार्जिंग डिवाइस.
जेड एफ़ कंपनी
एस सी ए एल ए आर भारत में लॉन्च की घोषणा, जो यात्री और कार्गो परिवहन की दक्षता सुरक्षा और स्थिरता बढ़ाने की अत्याधुनिक सुविधा प्रदान करता है.
आई सी ओ एन ऑटोक्राफ्ट प्रा. लि.
ट्रक और बसों के लिए अत्याधुनिक पहिया सरेखण प्रणाली,
एस एक्स 119 प्रो डुओ एल एन एल टायर परिवर्तन प्रणाली,
ए डी ए एस उन्नत ड्राइवर सहायता प्रणाली.
ए एस के आटोमोटिव और ए एस के इंडिया प्राइवेट लिमिटेड /
ए आई एस आई एन उत्पाद रेंज और स्वतंत्र आफ्टर मार्केट क्षेत्र के लिए ई यात्री कार.
सुप्रीम ऑडियो टेक
कंपैक्ट एम्प्लीफायर,
फ्लैगशिप स्पीकर सिस्टम,
मोरेल सुप्रीमो स्पेशल एडिशन,
मोरेल न्यू एक्टिव डीएसपी इंटीग्रेशन सॉल्यूशन, वायरिंग उपकरण
ओमेगा सेकी प्राइवेट लिमिटेड
एम 1 के ए 1.0 ई ट्रक,
एम 1 के ए 3.0 ई ट्रक,
स्ट्रीम सिटी 2.0 इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर.
रोल्स-रॉयस फैंटम 8
के पुराने मॉडलों को प्रदर्शित किया गया.
ब्रिजस्टोन, अपोलो, सीएट , एमआरएफ और जेके टायर कंपनियों ने सभी प्रकार के वाहनों के लिए टायर श्रृंखला प्रदर्शित की.

(पृष्ठ 4 का शेष)
एसआईएएम (सोसाइटी ऑफ़ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स), एटीएमए (एग्रीकल्चरल टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी), आईसीईएमए(भारतीय निर्माण उपकरण निर्माता एसोसिएशन), सीआईआई (कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री), एमआरएआई(मेटल रीसाइकलिंग एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया), आईएसए (इंटरनेशनल सोलर अलायंस), एनएएसएससीओएम(नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एंड सर्विस कंपनीज), आईईएसए (इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस) की भागीदारी ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 को ऐतिहासिक बनाया.

(पृष्ठ 1 का शेषांश)

'मेड इन इंडिया' जिम्नी 5-डोर....

जिम्नी का निर्यात दुनिया के लिए मेक-इन-इंडिया के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है.''

जिम्नी की आधी सदी से ज्यादा पुरानी विरासत है और यह दुनिया भर में एक लोकप्रिय मॉडल है. सुजुकी ने दुनिया भर में 199 देशों और क्षेत्रों में जिम्नी की 3.5 मिलियन से ज्यादा यूनिट बेची हैं. जिम्नी का 3-डोर वर्शन जापानी बाज़ार में पहले से ही बिक्री के लिए उपलब्ध था, अब 5-डोर वर्शन मॉडल की लोकप्रियता को और बढ़ाएगा. जिम्नी 5-डोर के लिए भारत को उत्पादन केंद्र के रूप में देखते हुए, सुजुकी का लक्ष्य मारुति सुजुकी के वैश्विक उत्पादन कद का लाभ उठाना है ताकि प्रतिष्ठित ऑफ-रोडर ब्रांड की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके.

वित्त वर्ष 2024 में मारुति सुजुकी का निर्यात प्रदर्शन

भारत की नंबर एक यात्री वाहन निर्यातक मारुति सुजुकी ने वित्त वर्ष 2024 में लगभग 100 देशों को 3.23 लाख से अधिक वाहन निर्यात करते हुए, भारत के कुल यात्री वाहन निर्यात में कंपनी ने 43.5 प्रतिशत की हिस्सेदारी दर्ज की. मारुति सुजुकी ने अगस्त 2024 में जापान को फ्रोंक्स का निर्यात शुरू किया था और इसे बाजार में उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है. जापान में जिम्नी को फ्रोंक्स के मुकाबले अधिक पसंद किए जाने की प्रबल संभावनाएं हैं.

(पृष्ठ 1 का शेषांश)

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर...

200 स्कूलों से, 9वीं से 11वीं कक्षा के 800 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया. शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए, टीकेएम ने इन तीनों शहरों में प्रत्येक में 300 संस्थानों तक पहल का विस्तार करने की योजना बनाई है. उल्लेखनीय है कि शिक्षा और सड़क सुरक्षा दोनों विषय बिंदु टीकेएम की सीएसआर पहलों के मुख्य स्तंभ हैं. टोयोटा हैकाथॉन का उद्देश्य एक व्यापक सुरक्षा ढांचे के माध्यम से शून्य यातायात दुर्घटनाओं को प्राप्त करना है. सुरक्षित वाहन निर्माण , समुदायों के भीतर जागरूकता को बढ़ावा देने और व्यवहार परिवर्तन को आगे बढ़ाने के माध्यम से टोयोटा सुरक्षा को प्राथमिकता देने हेतु प्रयत्नशील है. चिंताजनक है कि भारत में सालाना सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों की संख्या दुनिया भर में सबसे ज्यादा है. देश में सड़क दुर्घटनाओं के कारण प्रति वर्ष 1,50,000 से ज्यादा मौतें होती हैं और 5 से 29 साल की अल्पायु में मौत का सबसे बड़ा कारण, सड़क यातायात दुर्घटनाएँ सामने आई हैं. अल्पायु में सड़क दुर्घटना में मौत पर अध्ययन करने पर इस संकट को समझते हुए, टीकेएम ने स्कूल और कॉलेज के पाठ्यक्रमों में ही सड़क सुरक्षा को शामिल करने के लिए 2018 से टोयोटा हैकाथॉन की शुरुआत की थी. राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के चलते दिल्ली और मुंबई के बाद 14 फरवरी 2025 को बैंगलोर में टोयोटा हैकाथॉन का आयोजन किया जाएगा.

इंडियन ऑयल वित्तीय प्रदर्शन 2024-25

नई दिल्ली (प्रेवि). इंडियनऑयल ने 2024-25 में 9 माह की अवधि के लिए वित्तीय प्रदर्शन के आंकड़े प्रस्तुत किए. **सौरभ दत्त, कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट संचार एवं ब्रांडिंग)** अधिकृत विज्ञप्ति के अनुसार इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने 6,27,787 करोड़ रुपये का परिचालन राजस्व दर्ज किया है जो गत वर्ष की तुलना में 18683 करोड रुपए घटा है. पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 6,46,470 करोड़ रुपये था. 31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए शुद्ध लाभ 5,697 करोड़ रुपये रहा, जबकि इसी अवधि के दौरान यह 34,781 करोड़ रुपये था. इसका मुख्य कारण इन्वेंट्री घाटा, अंतरराष्ट्रीय रुझानों के अनुरूप कम दरों से, प्रभावित रिफाइनिंग मार्जिन में कमी और मौजूदा अवधि के दौरान विनिमय घाटे में वृद्धि का होना है.

इंडियनऑयल का परिचालन से राजस्व 2024-25 की तीसरी तिमाही में 2,16,649 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछली तिमाही 2024-25 की दूसरी तिमाही में यह 1,95,149 करोड़ रुपये था. इस प्रकार, 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई. चालू तिमाही के दौरान बेहतर रिफाइनिंग और मार्केटिंग मार्जिन के कारण, 2024-25 की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 2,874 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछली तिमाही 2024-25 की दूसरी तिमाही में यह 180 करोड़ रुपये था.

इंडियनऑयल ने 24-25 मई 2020 के दौरान निर्यात सहित कुल 74.347 मिलियन टन उत्पाद बेचे, जो इसी अवधि की तुलना में 3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है. इस अवधि के दौरान रिफाइनिंग थ्रुपुट 53.016 मिलियन टन है और कॉर्पोरेशन के देशव्यापी पाइपलाइन नेटवर्क का थ्रुपुट 74.700 मिलियन टन था. अप्रैल-दिसंबर 2024 की अवधि के दौरान सकल रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 13.26 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल की तुलना में 3.69 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल था.

2024-25 की तीसरी तिमाही में, निर्यात सहित इंडियनऑयल की कुल बिक्री मात्रा 26.134 मिलियन टन थी, जो किसी भी तिमाही में कंपनी द्वारा हासिल की गई सबसे अधिक है और इसमें 2024-25 की दूसरी तिमाही से 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है. कुल बिक्री में से, पेट्रोलियम उत्पादों की मात्रा में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, पेट्रोकेमिकल उत्पादों की मात्रा में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और गैस की बिक्री की मात्रा में पिछली तिमाही की तुलना में 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. 2024-25 की तीसरी तिमाही में रिफाइनिंग थ्रुपुट 18.110 मिलियन टन है, जो पिछली तिमाही से 8 प्रतिशत अधिक है और इस तिमाही के दौरान कॉर्पोरेशन के देशव्यापी पाइपलाइन नेटवर्क का थ्रुपुट 24.904 मिलियन टन है, जो पिछली तिमाही से 4 प्रतिशतअधिक है.

महिंद्रा इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी के सभी 9 वेरिएंट की बुकिंग 14 फरवरी 2025 से शुरू

मुंबई (प्रेवि). महिंद्रा ने अपनी इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी एक्सईवी 9ई और बीई 6ई के सभी वेरिएंट के लिए 14 फरवरी 2025 की सुबह 9ः00 बजे से बुकिंग आरंभ किए जाने की अधिकृत घोषणा कर दी है. इसके लिए अधिकृत वेबसाइट (https://www.mahindraelectricsuv.com/) जारी की है जिस पर ग्राहक 6 फरवरी, 2025 को सुबह 10 बजे से अपनी पसंद के मॉडल और वेरिएंट के लिए अपनी प्राथमिकता जोड़ सकते हैं. एक संरचित उत्पादन रैंप-अप भी लागू किया गया है, जिसमें प्रत्येक संस्करण के लिए समय सीमा भी साझा की गई है. उपलब्ध मूल्य तालिका में, चार्जर और स्थापना लागत की कीमतें शामिल नहीं की गई है. सभी वेरिएंट के लिए वास्तविक कीमतें डिलीवरी के समय ही लागू हो सकेंगी.

उपलब्ध रंग तालिका

बीई 6	एक्सईवी 9ई
एवरेस्ट व्हाइट	एवरेस्ट व्हाइट
एवरेस्ट व्हाइट - साटन	गहरे जंगल
गहरे जंगल	टैंगो रेड
टैंगो रेड	नेबुला ब्लू
डेजर्ट मिस्ट	डेजर्ट मिस्ट
डेजर्ट मिस्ट - सैटिन	रूबी वेलवेट
फायरस्टॉर्म ऑरेंज	स्टेल्थ ब्लैक
स्टेल्थ ब्लैक	

रैंप अप तालिका

प्रकार	बैटरी का संकुल	बीई 6*	एक्सईवी 9e*	डिलीवरी शुरू
पैक एक	59 किलोवाट घंटा	₹ 18.90 लाख	₹ 21.90 लाख	अगस्त 2025
पैक एक ऊपर	59 किलोवाट घंटा	₹ 20.50 लाख	एन/ए	अगस्त 2025
पैक दो	59 किलोवाट घंटा	₹ 21.90 लाख	₹ 24.90 लाख	जुलाई 2025
पैक तीन का चयन करें	59 किलोवाट घंटा	₹ 24.50 लाख	₹ 27.90 लाख	जून 2025
पैक तीन	79 किलोवाट घंटा	₹ 26.90 लाख	₹ 30.50 लाख	मध्य मार्च 2025

किया ईवी - अगली पीढ़ी की तकनीक की पेशकश

नई दिल्ली (वि.). प्रमुख मास प्रीमियम कार निर्माता कंपनी किआ इंडिया ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में नई ईवी 6 और ईवी 9 को प्रदर्शित किया. किआ इंडिया वैश्विक प्रौद्योगिकी, शानदार डिजाइन और टिकाऊ इंजीनियरिंग को अपने उत्पाद रेंज के साथ सहजता से सामंजस्य स्थापित करके सीमाओं को आगे बढ़ाने की अपनी विरासत का प्रदर्शन कर रही है, जिसमें हाल ही में लॉन्च की गई किआ सिरोस भी शामिल है.

किआ इंडिया के एमडी और सीईओ ग्वांगू ली के अनुसार , किआ इंडिया ऑटोमोटिव उद्योग में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. जब से ईवी 6 पहली बार सड़कों पर आई है, तब से इसे व्यापक प्रशंसा मिली है. इसकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है और इसकी वैश्विक प्रतिष्ठा मजबूत हुई है. भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में हमारी भागीदारी ने इस प्रतिबद्धता को रेखांकित किया है .

ईवी 6 कार्बन तटस्थता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इसके साथ, हम भारतीय उपभोक्ताओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक, अगली पीढ़ी की तकनीक की पेशकश करने में एक साहसिक कदम उठा रहे हैं.

मिलटेक इनोवेशन के सक्रिय ध्वनि नियंत्रण (एक्टिव साउंड) उत्पाद

भोपाल (डेस्क) . ब्रिटेन की ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी निर्माता कंपनी मिलटेक इनोवेशन्स अपनी एक्टिव साउंड प्रौद्योगिकी के साथ डीजल, पेट्रोल और इलेक्ट्रिक कारों के लिए एग्जॉस्ट आफ्टरमार्केट में क्रांति लाने के लिए तैयार है. कंपनी फिलहाल इस पर अंतिम बीटा परीक्षण कर रही है.

वर्तमान समय में बाजार में ऐसे वाहनों का प्रचलन बढ़ता जा रहा है जिनमें मानक कारों की तरह कोई सामंजस्य पूर्ण स्वर का निकास नहीं होता. उन वाहनों के लिए यह प्रौद्योगिकी बड़े रोमांच से भरी है.

मोटरस्पोर्ट ग्रेड स्टेनलेस स्टील हाउसिंग में रखे गए अत्याधुनिक कार्बन फाइबर स्पीकर तकनीक का उपयोग करते हुए, मिलटेक का एक्टिव नॉइज़ मॉड्यूल प्लग एंड प्ले तकनीक का उपयोग करके सीधे वाहनों के ईसीयू में वायर करता है ताकि सड़क की गति, थ्रॉटल स्थिति और हाइपर-रियलिस्टिक जनरेटेड एग्जॉस्ट शोर की एक श्रृंखला के बीच एक सीधा, एल्गोरिदमिक रूप से गणनात्मक संबंध बनाया जा सके. यह उन कारों के लिए रेट्रो-फिट करने योग्य विकल्पों की एक श्रृंखला होगी जो इस तकनीक के साथ कभी उपलब्ध नहीं थीं.

पिछली केवल-आंतरिक प्रणालियों के विपरीत, जो कार के स्पीकरों के माध्यम से नकली शोर उत्पन्न करती थीं, यह प्रणाली निकास प्रणाली के अंदर नकली निकास शोर उत्पन्न करती है - जो टेलपाइप के माध्यम से बाहर निकलती है, और बिल्कुल वैसा ही साउंडट्रैक प्रभाव देती है, जो केवल एक वास्तविक निकास ही दे सकता है.

कुछ टॉप-एंड कार मॉडल पहले से ही फैक्ट्री-फिटेड इस तकनीक का उपयोग करते हैं.

मिलटेक की नई प्रणाली इन मॉडलों के साथ पूरी तरह से एकीकृत भी हो सकती है, जिससे आप फैक्ट्री द्वारा चुनी गई आवाज़ों को बदल सकते हैं. डीजल, पेट्रोल, हाइब्रिड या इलेक्ट्रिक कार चुनी है, तो एक स्विच के झटके से, आप अपनी कार में इंजन लोड, थ्रॉटल स्थिति और सड़क की गति के सापेक्ष, साउंड की एक श्रृंखला लागू कर सकते हैं. आपकी ऑडी एसक्यू 7 डीजल ड्राइव पर काम करते समय, एक मासेराटी की तरह आवाज़ उत्पन्न कर सकती है. यह सिर्फ एक स्क्रीन टैप से हो सकेगा.

मोबाइल फोन ऐप को कंट्रोल मॉड्यूल के रूप में इस्तेमाल करते हुए, मिलटेक के एक्टिव साउंड सॉल्यूशन न केवल चुने हुए वाहन पर कई तरह की वैकल्पिक ध्वनियों को लागू करने की अनुमति देते हैं - बल्कि उन ध्वनियों को ट्यून भी करते हैं, जैसे आप अपने होम स्टीरियो पर ग्राफिक इक्वलाइज़र को ट्यून करते हैं. समग्र स्वर और गुणवत्ता भी सेट की जा सकती है - साथ ही लॉन्च की विशेषताएँ और नोट का प्रकार भी. भविष्य में , मिलटेक वैकल्पिक डाउनलोड के रूप में अलग-अलग सैंपल किए गए नोट्स और टोन भी उपलब्ध कराएगा.

हेलेन बाइक्स ने बनाई

स्पोक और हब लैस ई साइकिल हेलेक्स

रोहन लश्करे @ नई दिल्ली भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में कई ऐसे वाहन प्रदर्शित किए गए जो आकर्षण का केंद्र बने. इनमें से एक इलेक्ट्रिक साइकिल ने दर्शकों में बड़ा कोतूहल पैदा किया. हब और स्पोकलेस इस साइकिल का नाम है हेलेक्स.

आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा के स्टार्टअप हेलेन बाइक्स ने इसे बनाया है. सदियों से चली आ रही पहियों की पारंपरिक डिजाइन की अवधारणा को तोड़ते हुए, पूर्णतः स्पोकलेस और हबलेस पहिए इसमें लगाए गए. प्रोटोटाइप हेलेक्स साइकिल में हाइब्रिड पैडल मोटर, पुनर्योजी ब्रेकिंग सिस्टम और दोहरे सस्पेंशन का प्रयोग किया गया है. सुरक्षा की दृष्टि को लेकर इसमें नेविगेशन सहायता और चोरी रोधी अलार्म के साथ एक फिंगर प्रिंट स्कैनर भी लगाया गया है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी इस साइकिल को देखकर कोतूहल प्रकट करते हुए सवाल किया कि आखिर यह काम कैसे करती है?

ऐसी उम्मीद है कि वर्ष 25 के अंत या वर्ष 26 के आरंभ तक यह साइकिल विक्रय के लिए उपलब्ध हो सकेगी.

फोटो : साभार

युमा एनर्जी

अगली पीढ़ी की बैटरी और इंटेलिजेंट डीआईवाय स्वैपिंग यूनिट्स

नई दिल्ली (वि.). भारत की तेजी से बढ़ती बैटरी-एज-ए-सर्विस (बीएएएस) कंपनियों में से एक, युमा एनर्जी ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो के भारत बैटरी शो 2025 में अपनी अगली पीढ़ी की बैटरी और इंटेलिजेंट डीआईवाय स्वैपिंग यूनिट्स को प्रदर्शित किया. यह सिस्टम आपके वाहन में लगी बैटरी को ट्रैक करता है और नुकसान से बचाता है .हाल ही में कंपनी ने 20 मिलियन से अधिक बैटरी स्वैप पूरे कर लिए हैं और इसके 800 मिलियन ग्रीन माइल्स संचालित हो चुके हैं.



युमा एनर्जी का एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र बेजोड़ विश्वसनीयता, पहुंच और सुरक्षा प्रदान करता है, जिससे 2-पहिया और 3-पहिया मूल निर्माताओं के लिए पसंदीदा भागीदार के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होती है.

युमा एनर्जी के एमडी और जीएम मुथु सुब्रमण्यन का कहना है कि हमारी अगली पीढ़ी की बैटरी और डीआईवाय इंटेलिजेंट स्वैपिंग यूनिट नवाचार और स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं. ये प्रगति न केवल उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाती है बल्कि मूल उपकरण निर्माता (ओ ई एम) को वे उपकरण भी प्रदान करती है जिनकी उन्हें तेजी से विकसित हो रहे बाजार में सफल होने के लिए आवश्यकता होती है.

अशोक लेलैंड ने सस्टेनेलिटिक्स की रेटिंग में वैश्विक स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया

2030 तक कार्बन तटस्थ संचालन और 2048 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य

चेन्नई (प्रेवि). विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त सस्टेनेलिटिक्स एक ऐसी कंपनी है जो सूचीबद्ध कंपनियों की पर्यावरण, सामाजिक और कॉर्पोरेट प्रशासन (ईएसजी) प्रदर्शन, शोध और रेटिंग के के आधार पर स्थिरता का मूल्यांकन करती है.

हिंदुजा समूह की भारतीय प्रमुख कंपनी और देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में भारी मशीनरी और ट्रक क्षेत्र के लिए सस्टेनेलिटिक्स की ईएसजी जोखिम रेटिंग में नंबर 1 वैश्विक रैंकिंग हासिल की है. अशोक लेलैंड ने 4 फरवरी को इसकी घोषणा की.

सस्टेनेलिटिक्स ने पर्यावरण प्रबंधन, सामाजिक जिम्मेदारी और कॉर्पोरेट प्रशासन सहित कई ईएसजी मापदंडों पर अशोक लेलैंड के प्रदर्शन का मूल्यांकन किया. कंपनी का उत्कृष्ट प्रदर्शन, एक उद्योग बेंचमार्क के रूप में इसकी स्थिति को टिकाऊ उत्कृष्टता के रूप में रेखांकित करता है. यह उपलब्धि पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) सिद्धांतों में अशोक लीलैंड के नेतृत्व को उजागर करती है. इसमें व्यवसाय संचालन, उत्पाद प्रबंधन, कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और व्यापक पारिस्थितिकी तंत्र में स्थिरता को एकीकृत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है. पारदर्शिता और बेहतर प्रकटीकरण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता, स्थायी व्यवसाय प्रथाओं में वैश्विक नेता के रूप में इसकी प्रतिष्ठा को और मजबूत करती है.

अशोक लेलैंड के एमडी और सीईओ शेनू अग्रवाल ने कहा, हमें भारी मशीनरी और ट्रकों के लिए सस्टेनेलिटिक्स की ईएसजी जोखिम रेटिंग में विश्व स्तर पर नंबर 1 स्थान प्राप्त करने पर गर्व है. वैश्विक स्तर पर प्रसिद्ध प्लेटफ़ॉर्म द्वारा मान्यता प्राप्त होना अशोक लेलैंड के समर्पण का प्रमाण है क्योंकि हम शीर्ष 10 वैश्विक वाणिज्यिक वाहन खिलाड़ियों में शामिल होने के अपने लक्ष्य की ओर तेज़ी से बढ़ रहे हैं. अशोक लीलैंड के कॉर्पोरेट रणनीति और ईएसजी प्रमुख आलोक वर्मा ने कहा, हम सस्टेनेलिटिक्स की ईएसजी जोखिम रेटिंग में शीर्ष वैश्विक रैंकिंग हासिल करने के लिए रोमांचित हैं. कंपनी ने महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिसमें 2030 तक कार्बन-तटस्थ संचालन प्राप्त करना, 2030 तक आरई100 के लिए प्रतिबद्ध होना और 2048 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन तक पहुँचना शामिल है. ये साहसिक लक्ष्य एक स्वच्छ और अधिक टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए इसके समर्पण को दर्शाते हैं. अशोक लेलैंड अपनी स्थिरता यात्रा जारी रखते हुए, प्रभावशाली परिवर्तन लाने, कॉर्पोरेट जिम्मेदारी में नए मानक स्थापित करने और टिकाऊ गतिशीलता समाधानों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो उद्योग के भविष्य को आकार देंगे.

ओएनजीसी और बीपी(यूके) का मुंबई हाई से उत्पादन बढ़ाने के लिए अनुबंध

नई दिल्ली (वि.). तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम लिमिटेड (ओएनजीसी) और बीपी (यूके) ने एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके तहत बीपी भारत के सबसे बड़े और सर्वाधिक उत्पादक अपतटीय तेल क्षेत्र, मुंबई हाई फील्ड के लिए तकनीकी सेवा प्रदाता (टीएसपी) के रूप में काम करेगी.

ओएनजीसी इस क्षेत्र का स्वामित्व और परिचालन नियंत्रण बनाए रखेगा. अनुबंध की शर्तों के अनुसार, बीपी को अपने तैनात कर्मियों के लिए दो साल की अवधि के लिए एक निश्चित शुल्क मिलेगा, उसके बाद वृद्धिशील तेल और गैस उत्पादन से जुड़ा एक सेवा शुल्क मिलेगा. बीपी क्षेत्र के मौजूदा उत्पादन में गिरावट को स्थिर करने और इसे एक मजबूत विकास पथ पर वापस लाने के लिए ओएनजीसी के साथ घनिष्ठ सहयोग में काम करेगा.

इस अवसर पर, **हरदीप एस पुरी (मंत्री, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय), पंकज जैन (सचिव, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय)** की उपस्थिति में **अरुण कुमार सिंह (अध्यक्ष/सीईओ,ओएनजीसी) और कार्तिकेय दुबे (अध्यक्ष/कंट्री हेड बीपी इंडिया)** ने अनुबंध पर हस्ताक्षर किए.

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक संजय हिन्ना द्वारा रेनबो प्रिंटर्स, 57, 2/21 कॉमधेनु टॉवर, अरेरा कालोनी, भोपाल 462016 (म.प्र.) से मुद्रित एवं डी-13, सेवॉय साउथ सिटी कॉम्पलेक्स, जी-03 गुलमोहर कॉलोनी, भोपाल 462039 (म.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक : संजय हिन्ना** । मो. 9826285867, 8319293454 (**सलाहकार : योगेश जोशी, प्रबंधन : शशांक हिन्ना**)(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय रहेगा) **Email: autoadvisornews@gmail.com**